आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 15.03.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— रायपुर विमानतल से इंदौर, भोपाल, विशाखापट्नम और प्रयागराज के लिए इस महीने के आखिरी सप्ताह से नई उड़ान सेवा शुरू होगी।

2— विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि भ्रामक दावों के खिलाफ जागरूक रहें उपभोक्ता।

3— पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन आज से शुरू।

**और**

4— मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग सहित मध्य छत्तीसगढ़ के सोलह जिलों में ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया।

...............

**विमान सेवा**

रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल से इंदौर, भोपाल, विशाखापट्नम और प्रयागराज के लिए तीस और इकतीस मार्च को नई उड़ान सेवा शुरू होगी। इस संबंध में इंडिगो एयरलाइंस ने उड़ानों का समय निर्धारित कर दिया है। इसके साथ ही ट्रेवल ऑपरेटर्स को टिकट बुकिंग के लिए स्लॉट आवंटित किए गए हैं। यह फ्लाइट प्रयागराज के लिए सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को सुबह आठ बजकर पचास मिनट से रायपुर से

रवाना होगी और सुबह दस बजकर पच्चीस मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी में यह विमान प्रयागराज से सुबह दस बजकर पचास मिनट बजे रवाना होगा और दोपहर साढ़े बारह बजे रायपुर पहुंचेगा।

इसी तरह, रायपुर से विशाखापत्तनम के लिए भी फ्लाइट सप्ताह में दो बार सोमवार और शुक्रवार को संचालित होगी। यह विमान सुबह आठ बजकर पचास मिनट पर रवाना होकर दस बजकर बीस मिनट पर विशाखापट्नम पहुंचेगी। वापसी से यह फ्लाइट ग्यारह बजे रवाना होगी, जो साढ़े बारह बजे रायपुर पहुंचेगी। वहीं, इंदौर से प्रतिदिन उड़ानें सुबह साढ़े छह बजे रवाना होगी, जो साढ़े आठ बजे रायपुर पहुंचेगी। दोपहर बारह बजकर पचास मिनट पर यह विमान रायपुर से रवाना होकर दो बजकर पैंतालीस मिनट पर इंदौर पहुंचेगा। इसके अलावा भोपाल की फ्लाइट सप्ताह में चार दिन – सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को सुबह नौ बजकर चालीस मिनट पर रवाना होगी, जो सुबह ग्यारह बजकर दस मिनट पर रायपुर पहुंचेगी। वापसी में यह विमान सुबह ग्यारह बजकर तीस मिनट पर रायपुर से भोपाल के लिए रवाना होगा, जो एक बजे भोपाल पहुंचेगा।

**<u>प्रधानमंत्री–मन की बात</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर – **एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य** के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

## उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रतिवर्ष पंद्रह मार्च को उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और उन्हें संरक्षित करने के लिए बनाया जाता है। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय है–''सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन''।

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज एक वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के खिलाफ पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल उपभोक्ताओं के संरक्षण बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## हाईकोर्ट–डीएड भर्ती

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में डीएड डिप्लोमाधारियों को नियुक्ति देने में राज्य सरकार की ओर से की जा रही देरी को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा गया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब एक अप्रैल को होगी। इससे पहले, कोर्ट ने राज्य सरकार को डीएड डिप्लोमाधारी याचिकाकर्ताओं को प्राइमरी स्कूल में नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं।

## पद्‌म पुरस्कार–नामांकन

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्‌म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन आज से शुरू हो गया है। नामांकन करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई है। पद्‌म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।

पद्म पुरस्कार अर्थात पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान तथा इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों–विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रतिवर्ष पंद्रह मार्च को उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और उन्हें संरक्षित करने के लिए बनाया जाता है। इस वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय है–''सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन''।

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज एक वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के खिलाफ पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल उपभोक्ताओं के संरक्षण बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## होली–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ जशपुर जिले के ग्राम टाटीडांड पहुंचे और उन्होंने दुर्गा देवी संत समाज द्वारा आयोजित वार्षिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान राधा–कृष्ण की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

श्री साय अपने गृहग्राम बगिया भी पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ होली का पर्व मनाया।

उधर, कोरबा पुलिस ने हसदेव नदी के तट पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ होली मनाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इन पुलिसकर्मियों ने अपने परिवार से दूर रह रहे बुजुर्गों के साथ भोजन भी किया।

## दुर्घटना

कोरबा जिले में आज हुए एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार ये युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जटगा चौकी के खोडरी गांव के पास से गुजर रहे थे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक युवक ग्राम बरबसपुर बस्ती के रहने वाले थे।

वहीं, दुर्ग जिले में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष की बेटी और तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिला अध्यक्ष की बेटी का इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। यह हादसा दुर्ग–राजनांदगांव बाईपास मार्ग पर हुआ।

इधर, झारखंड के विधायक के दामाद धर्मेंद्र सिंह की आज भिलाई में हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। मृतक बिहार के औरंगाबाद जिले के चटेवा का रहने वाला था और वह भिलाई में एक फैक्ट्री में काम करता था।

जांजगीर–चांपा जिले के पेंड्री गांव में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक घायल हो गए हैं।

## डूबने से मौत

सक्ती जिले के करही गांव में तालाब में डूबने से बारहवीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई है। बताया जाता है कि होली खेलने के दौरान गांव के ही कुछ युवकों ने इस छात्र को तालाब में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

वहीं, बालोद जिले के गुंडरदेही स्थित तांदुला नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। यह युवक होली खेलने के बाद अपने दोस्तों के साथ नहाने तांदुला नदी गया था। ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को बाहर निकाल लिया गया है।

**<u>आगजनी</u>**

कोरबा जिले के दर्री स्थित हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में स्थित एक ट्रांसफार्मर में आज सुबह आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते स्विचयार्ड के प्लांट तक पहुंच गई और इसने दो अन्य ट्रांसफार्मर को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की पांच टीमें मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों का पता अभी नहीं चल सका है। फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है।

वहीं, सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित टाईगर प्वॉइंट में बीती रात आग लगने से दर्जनभर दुकानें जलकर खाक हो गईं। इस आगजनी से कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के लिए प्रदेश में ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, कोरबा और बलौदाबाजार सहित मध्य छत्तीसगढ़ के सोलह जिलों के लिए जारी किया गया है। मध्य छत्तीसगढ़ में आज भी कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर चली।

वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के बाद प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

**<u>हाथी विचरण</u>**

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र में इन दिनों करीब एक सौ चवालीस हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस दल में हाथियों के शावक भी हैं। कल शाम तेरह हाथियों के दल को क्रोंधा मुख्य मार्ग से सड़क पार करते देखा गया।

सूचना मिलने के बाद वनकर्मी और हाथी मित्र दल ने लोगों को सतर्क रहने के लिए मुनादी कराई है। साथ ही ग्रामीणों से कहा गया है कि वे जंगल की ओर अकेले ना जाएं। हाथी मित्र दलों द्वारा हाथियों की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही है। हाथियों के इस दल ने किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>